# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी

पत्रांक 558 / कार्य-2 / 35 दिनांक 12/05/2026


सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,
अमेठी।

**विषयः जनपदीय समाचार पत्र/पोर्टल में ग्राम जरौटा ग्रामीण पेयजल योजना के सम्बन्ध में प्रकाशित भ्रामक समाचार के खण्डन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपका ध्यान दैनिक भास्कर डिजिटल (अमेठी/संग्रामपुर) में प्रकाशित समाचार "जरौटा में पानी की बर्बादी, ग्रामीणों में रोष" "प्रशासन से मरम्मत की मांग" की ओर आकृष्ट कराना है। उक्त प्रकाशित समाचार के संबंध में वस्तुस्थिति एवं खण्डन निम्नवत हैः-




- समाचार में प्रदर्शित क्षतिग्रस्त टोटियों एवं पाइपलाइन की तस्वीरें व जानकारी लगभग 2.5 से 3 माह पुरानी है।
- उक्त समस्या का संज्ञान विभाग द्वारा बहुत पहले ही ले लिया गया था और ग्राम जरौता ग्रामीण पेयजल योजना के अंतर्गत सभी आवश्यक मरम्मत कार्य काफी समय पूर्व ही पूर्ण कराए जा चुके हैं।
- यह अवगत कराना है कि जरौटा ग्रामीण पेयजल योजना 100 प्रतिशत पूर्ण है और वर्तमान में यह संचालन एवं रखरखाव (O&M) की अवधि में है।
- वर्तमान में योजना के अंतर्गत ग्राम में नियमित पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित है और मौके पर ऐसी कोई समस्या विद्यमान नहीं है जैसी समाचार में दर्शायी गई है।

अतः आपसे अनुरोध है कि जनमानस में भ्रामक सूचनाओं के प्रसार को रोकने हेतु उक्त तथ्यों के आधार पर उचित स्पष्टीकरण/खण्डन प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

भवदीय

A. Tripathi

अधिशासी अभियन्ता
दिनांक

पृ0सं0 / /

**प्रतिलिपिः**-निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता(ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
5. अधीक्षण अभियन्ता मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या (कैम्प-सुलतानपुर)
6. जिलाधिकारी महोदय, अमेठी।
7. मुख्य विकास अधिकारी महोदया अमेठी।
8. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर (जल निगम/एस0डब्ल्यू0एस0एम0)।
9. जिला समन्वयक (डी0पी0एम0), अमेठी।
10. डी0पी0एम0 टी0पी0आई0 अमेठी।

अधिशासी अभियन्ता

# जरौटा में जल जीवन मिशन की टोटियां टूटीं:पानी बर्बाद, ग्रामीण नाराज, प्रशासन से मरम्मत की मांग

शिव मोहन मिश्रा | संग्रामपुर(अमेठी), अमेठी जिला7 दिन पहले



जल जीवन मिशन की टोटियां टूटीं।

संग्रामपुर विकास खंड की जरौटा ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत लगाई गईं पानी की टोटियां खराब हो गई हैं। कई स्थानों पर टोटियां टूटी पड़ी हैं, जिससे लगातार पेयजल बर्बाद हो रहा है। इस स्थिति से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

भीषण गर्मी के इस दौर में जहां पानी की अत्यधिक आवश्यकता है, वहीं पाइपलाइन से आने वाला पानी बिना उपयोग के ही गड्ढों में बह रहा है। इससे न केवल जल की बर्बादी हो रही है, बल्कि आसपास कीचड़ और गंदगी भी फैल रही है, जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। गांव के निवासी शिवम मिश्र, अरुण कुमार मिश्र, पंकज मिश्र और संत प्रसाद मिश्र सहित अन्य ग्रामीणों ने इस पर अपनी नाराजगी व्यक्त की है।

इन ग्रामीणों ने जल्द से जल्द टूटी टोटियों की मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो आने वाले दिनों में पेयजल संकट और गंभीर हो सकता है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि जल जीवन मिशन के तहत की गई व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण कराया जाए और खराब पड़ी टोटियों को तत्काल ठीक कराया जाए।